हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

04 अनदेखी: बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं का अंबार...



07 हाईवे पर ट्रक कटिंग करने वाले 14 आरोपियों...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 को

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 सितंबर 2025 को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### श्री सत्य सांई यूनिर्वसिटी में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सीहोर स्थित सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में 28 एवं 29 अगस्त को रोजगार मेला एवं इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिष्ठित कंपनियों एवं उद्योगों द्वारा लगभग 150 से अधिक पदों पर युवक एवं युवतियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ बायोडाटा, आईडी प्रूफ, 2 फोटो के साथ 28 एवं 29 अगस्त को सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय सीहोर में उपस्थित हो सकते हैं।

### अनमोल राठौर ने किए पांच पदक हासिल



सीहोर। शहर के प्रतिभाशाली बाडी बिल्डिर लगातार राज्य और राष्ट्रीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। बाडी बिल्डिरअनमोल राठौर पुत्र मोहन राठौर ने हैदराबाद में आयोजित आईसीएन आल इंडिया नेचुरल बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर दो सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल हासिल किए है। उनकी यह उपलब्धि पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, अजय अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, भारत मंत्री, कमल अग्रवाल, दिलीप साहू, राम मित्तल, मनोज दीक्षित मामा, यश अग्रवाल, आशीष वर्मा आदि ने बधाई दी।

## शहर और ग्रामीण अंचल में 300 से अधिक पंडालों में विराजे गजानन, अनंत चर्तुथी तक भक्तिमय रहेगा माहौल

# महाआरती के बाद चिंतामन मंदिर परिसर में 10 दिवसीय मेले का श्रीगणेश, गूंजे बप्पा के जयकारे

मंदिर के पुजारी पंडित चारु चंद्रा व्यास ने बताया कि चिंतामन गणेश मंदिर लगभग दो हजार वर्ष पुराना है। पेशवा कालीन यह मंदिर देश के 84 सिद्ध गणेश मंदिरों में से एक है।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को सीहोर का ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। अल सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की गूंज और भक्तों की जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ठीक दोपहर 12 बजे विशेष विधि-विधान से महाआरती संपन्न हुई, जिसमें जिले के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, विदिशा, राजगढ़ और रायसेन से हजारों भक्तों ने शामिल होकर दर्शन लाभ पाया।

**10 दिवसीय गणेश उत्सव का आगाज :** महाआरती के साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव मेले का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। चिंतामन गणेश मंदिर की विशेष मान्यता और चमत्कारी शक्तियों के कारण यहां हर वर्ष गणेश चतुर्थी पर भक्तों का सैलाब उमड़ता है। कहा जाता है कि यह मंदिर देश के उन प्रमुख स्थानों में से एक है, जहां गणपति बप्पा स्वयं मूर्ति रूप में विराजमान हैं।

### दो हजार साल पुराना है मंदिर का इतिहास

मंदिर के पुजारी पंडित चारु चंद्रा व्यास ने बताया कि चिंतामन गणेश मंदिर लगभग दो हजार वर्ष पुराना है। पेशवा कालीन यह मंदिर देश के 84 सिद्ध गणेश मंदिरों में से एक है। यहां बड़े-बड़े संत महात्मा दर्शन करने आते रहे हैं। खास परंपरा के तहत भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने की आशा में पिछली दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं और जब इच्छा पूरी हो जाती है तो उसे सीधा करते हैं। यह परंपरा आज भी भक्तों की आस्था को और गहरा करती है।

### शहर में 300 से अधिक पंडालों में विराजे बप्पा



केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि पूरा सीहोर गणेशमय हो गया है। इस बार शहर और ग्रामीण अंचल में 300 से अधिक पंडाल सजाए गए। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की गूंज के बीच गजानन के अलग-अलग भव्य रूपों में प्रतिमाएं स्थापित की गईं। कोतवाली चौराहा समिति का ₹किंग ऑफ कोतवाली₹ दरबार इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां आतिशबाजी और विद्युत सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### मेले की रौनक और सुरक्षा व्यवस्था

गणेशोत्सव के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र मेले की रौनक से गुलजार रहा। बड़े-बड़े झूले, खाने-पीने के स्टॉल और खिलौनों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया तो महिलाएं और पुरुष खरीदारी और भक्ति दोनों में लीन दिखे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। लगभग 150 पुलिस जवान सुरक्षा में तैनात हैं।

### आस्था और भक्ति का संगम

गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेल का प्रतीक भी बन गया है। ढोल-ढमाकों की गूंज, भक्ति गीतों की धुन और ₹गणपति बप्पा मोरया₹ के जयकारों ने पूरे सीहोर को भक्ति के रंग में रंग दिया। श्रद्धालु मानते हैं कि विघ्नहर्ता गणपति उनके जीवन से दुख-दर्द हरकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देंगे।

# भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक बनने वाली सड़क का श्रीगणेश

## पांच करोड़ की लागत से 11 मीटर चौड़ी सड़क का होगा निर्माण

**सीहोर।** शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक की सड़क को चौड़ा करने का काम सोमवार से हो गया है। करीब पांच करोड़ की लागत से टू लेन बनाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक से फुटपाथ, बीच में डिवाइडर और उस पर लाइटिंग व पौधे लगाए जाएंगे।

भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक दोनों तरफ दुकानों और मकानों के कारण कई हिस्सों में बेहद संकरा हो गया था। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। हालात यह कि थी अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक नहीं निकल पाती थी। लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने से पहले नपा ने करीब 100 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हाटने के लिए नोटिस जारी किए थे। जिसके बाद करीब 70 प्रतिशत लोगों ने अपने_अपने अतिक्रमण हटा लिए। नपा ने सड़क चौड़करण का काम शुरू कर दिया है। अब जिन अतिक्रमणकारियों ने अपने अतिक्रमण नहीं हटाए हैंख उन्हें नपा अमला हटाएगा। नपा अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने बताया कि निर्माण एजेंसी ने भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक करीब पांच करोड रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सड़का निर्माण शुरू कर दिया है। निर्माण एजेंसी से गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में काम करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि यह उत्कृष्ट सड़क बनाई जाएगी। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाकर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया जाएगा। पूरी सड़क पर डिवाइडर बना कर आकर्षक लाइटिंग और पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। ताकि कोई भी व्यक्ति जब भोपाल नाका पर फोरलेन से शहर में प्रवेश करे तो उसके सामने शहर की अलग ही छवि दिखाई दे।



### नगरीय निकायों में स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 16 तक

**सीहोर।** डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' थीम पर आधारित स्टॉप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने नगरीय निकायों में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी किए है। अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान में खुले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कचरे को फेंकने से रोकने, नालियों में रूके हुए पानी एवं गाद को साफ करने का काम प्राथमिकता से किया जाए।

नगर की कम आय वर्ग और झुग्गी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया जाए। इसी के साथ नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण, परिवहन और उसका प्रसंस्करण नियमित किया जाए। अतिवृष्टि की स्थिति में भी उक्त सेवाओं का सुचारू संचालन किया जाएं। आयुक्त ने शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं रखरखाव किया जाए।

# माता-पिता से बढ़कर कोई तीर्थ देवता या गुरु नहीं है: विवेक रुठिया



**सीहोर।** भगवान गणेश की कथाओं और रामायण हमें माता-पिता की सेवा संस्कार देती है। मां पृथ्वी से बड़ी, पिता आकाश से ऊंचा है। माता-पिता से बढ़कर संसार में कोई तीर्थ देवता या गुरु नहीं है। जो संस्कार माता-पिता से प्राप्त होते हैं वह संस्कार अन्य किसी से भी प्राप्त नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा से ही समस्त तीर्थों की यात्रा का पुण्य प्राप्त होता है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में 12 दिवसीय प्रवचन सभा के दौरान शहर के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक रुठिया ने कहे। उन्होंने कहाकि आज से 12 साल पहले मेरे पिताश्री मानकचंद्र रुठिया का आकस्मिक निधन हो गया था, उनकी याद में हमारे द्वारा बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहाकि माता-पिता के आशीर्वाद के कारण ही हम सब आगे बढ़ सकते है। उन्होंने यहां पर उपस्थित हितग्राहियों को गलत आदतों से दूर रहने की अपील करते हुए अपने परिवार में खुशी पूर्वक रहने की बात कही। वृद्धाश्रम में 12 दिवसीय प्रवचन सभा के पहले दिन आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया था, यहां पर सुबह भगवान गणेश की आरती उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी, पंडित सुनील पाराशर, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, आनंद व्यास, आकाश राय, कमलेश राय आदि शामिल थे। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि जिस तरह रामायण हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा व मर्यादा में रहने की सीख देती है, उसी तरह समस्त ग्रंथ भी हमें बड़ों का सत्कार व माता-पिता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। अच्छे व्यक्ति की पहचान उसके अच्छे संस्कारों से होती है, अगर व्यक्ति में संस्कार ही नहीं होंगे तो हमारा समाज भी उसे महत्व नहीं देगा और लोग उससे दूरी ही बनाए रखेंगे। वैसे तो हर बच्चे में संस्कार बचपन से ही होते है, लेकिन कुछ बातें और व्यवहार समाज के लोगों व बड़ों से मिलते है। अच्छा बोलना, दूसरों की मदद करना और माता-पिता तथा बड़ों का आदर सम्मान करना ही संस्कार है।

## फसल बीमा राशि नहीं मिलने के कारण बीते एक सप्ताह से किसान कर रहे प्रदर्शन

# खराब सोयाबीन की फसल लहराते हुए किसानों ने किया बीमा क्लेम की राशि नहीं मिलने का विरोध





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम पीपलनेर और आसपास के गांवों के किसान पिछले कई सालों से खराब हुई सोयाबीन की फसल और बीमा राशि न मिलने से बेहद दुखी हैं। बुधवार को किसानों ने आक्रोशित होकर लंबी रैली निकाली और हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि विगत 5 वर्षो से लगातार सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। इस साल भी फसल खराब हो गई है, लेकिन न तो बीमा कंपनी ने उन्हें राशि दी और न ही कृषि विभाग के अधिकारियों ने कोई सर्वे कराया।

ग्राम पीपलनेर के किसानों ने सोयाबीन की फसल खराब हो जाने के कारण एवं 5 साल से बीमा राशि नहीं मिलने से दुखी होकर रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में एवं रोड पर बैठकर जमकर प्रदर्शन किया।बीमा राशि देने के नारे लगाए। किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए लंबी रैली निकाली और रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में पर धरने पर बैठ गए और सरकार से बीमा राशि देने एवं खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे करा कर राहत राशि देने एवं बीमा राशि देने की मांग की गई। सीहोर जिले के अनेक गांव के किसान लोग पिछले एक सप्ताह से किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान लोग किसी न किसी गांव की नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट सीहोर के कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर 5 साल से खराब हुई सोयाबीन की फसल का बीमा देने की मांग की और खराब हो रही सोयाबीन की फसल की शीघ्र सर्वे करा कर अधिकारी को गांव में भेजने की मांग भी की गई लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी इतना कुछ करने के बाद भी ना बीमा कंपनी के कृषि विभाग के कोई भी अधिकारी ग्राम पीपलनेर नहीं आए तो दुखी परेशान होकर किसानों खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर लेते हुए रोड रोड लंबी रैली निकाली। इस दौरान जमकर बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से बीमा राशि देने की मांग की गई। रोड पर एवं खेतों में किसान प्रदर्शन करते रहे और सरकार से मांग की है कि हमारी खराब हुई फसल को जाकर देखें और विगत 5 साल से खराब हो रही सोयाबीन की बीमा राशि दिलाए। किसान मानसिंह परमार, गजराज सिंह राजपूत, इंदर पटेल, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, ज्ञान सिंह, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, महेश विश्वकर्मा, मेहरबान सिंह राजपूत किसानों ने खराब सोयाबीन की बीमा राशि देने की मांग की गई।

# मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज ने निर्जल उपवास कर किया केश लोचन



**सीहोर।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ सिद्धपुर नगरी सीहोर में चातुर्मास प्रवास पर है। जैन मुनि श्री ऐलक श्री ने केशलोचन दिगम्बर जैन मुनिचर्या के अनुसार मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज ने आज निर्जल उपवास व्रत की साधना करते हुए तप और तपस्या से केशलोचन किया। संत ने केशलोचन किया।

विद्वान पंडित राजेश जैन ने बताया कि जैन मुनि के केशलोचन क्रिया दिगम्बर जैन मुनि अपनी त्याग तप तपस्या कि भक्ति कि शक्ति से संकल्प अनुसार दो माह तीन माह या चार माह मे अपनी साधना के माध्यम से बिना किसी केंची , उस्तरे या अन्य किसी यंत्र मशीन के केश लोचन केश लोच अपने हाथो से केश उखाड़ना और उस दिन 24 घंटे का निर्जल उपवास करते हुए अपनी तपस्या को बढ़ते है ऐसी त्याग तपस्या कोई भी साधु द्वारा नहीं करने का प्रमाण मिलता है । इसी लिए इन्हे ब्रम्हाड के देवता भी कहां जाता है। दिगम्बर आचार्य श्री, मुनिश्री, छुल्लक श्री, ऐलक श्री दिगम्बर अवस्था में रहते हुए प्रकृति के अनुसार अपने जीवन की साधना समाधी को प्राप्त करने हेतु करते हैं। दिगम्बर जैन मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज श्री, ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज ने केश लोचन के पश्चात मुनिश्री के सानिध्य में प्रतिदिन अनुसार प्रातः से संध्या तक समस्त धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न किए।

**खबर संक्षेप**



### 864 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 26 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 623 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 241 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 132 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### महिलाओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका



**भैरूंदा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान पर आकर्षित से महिलाओं जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। लाडकुई में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बयान पर महिलाओं में काफी आक्रोश देखने को मिला और पटवारी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी मंडल लाड़कुई के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं महिलाओं ने संयुक्त रूप से जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, श्याम सिंह ठाकुर, अमरसिंह मीणा,अखलाक खान, मोर्चा, रितेश ठाकुर, हरिओम प्रजापति, सुनीता जय नारायण बारेला सरपंच, भगवत सिंह मीणा उपस्थित रहे।

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

## शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन 50-60 यात्री बसों का होता है आवागमन

# अनदेखीः बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं का अंबार, यात्रियों की हो रही फजीहत

अतिक्रमण के चलते बस स्टैंड का मुख्य मार्ग इतना संकरा हो जाता है कि यदि वाहन चालक बसों को अंदर लाते है तो उन्हे खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर का बस स्टैंड सुबह होते ही अतिक्रमण की आगोष में समा जाता है। परिसर में फुटकर विक्रेताओं के तम्बु और बेतरतीब खड़े रहने वाले दर्जनों हाथ ठेलों के कारण यात्रिओं और बस आपरेटरों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के चलते सड़क संकरी हो जाती है इस कारण वाहनों की क्रासिंग में वाहन चालकों को खासी परेशानी होती है। साथ ही हादसें की आशंका भी बनी रहती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दें रहे है। नगर का बसस्टैंड स्थानीय प्रशासन की उपेक्षा और लापरवाही के कारण अव्यवस्थाओं का केंद्र बना हुआ है। दरअसल सुबह होते ही इस पर अतिक्रमण पसर जाता है। दरअसल फुटकर विक्रेताओं के तंबु, फल, सब्जी और खादय पदार्थ विक्रेताओं के हाथ ठेलों के इधर-उधर खड़े होने से संपूर्ण परिसर भर जाता है। बस स्टैंड में अतिक्रमण पसरा होने के कारण यात्री वाहनों को अंदर आने के लिए ही पर्याप्त जगह नहीं बचती है। ऐसी स्थिति में वाहनों की क्रासिंग के दौरान वाहनों के टकराने का खतरा रहता है। इसके साथ ही यात्रियों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन चलती है 50-60 बसें_बस स्टैंड से प्रतिदिन सीहोर, भोपाल, हरदा, होषंगाबाद,आष्टा, देवास, उज्जैन आदि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में 50-60 बसों का आवागमन होता है। लेकिन यहां व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नही है। यात्रियों को बैठने के लिए महज एक प्रतिक्षालय है उसमें भी असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके चलते यहां आने वाले एवं बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कते हो रही है। सबसे अधिक परेशानी दूर दराज गांवों से स्कूल, कालेज में पढ़ाई के लिए आने वाली छात्राओं को होती है। उन्हें बसों के इंतजार के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ता हैं



**इछावर।** यात्री प्रतीक्षालय के चारों तरफ बेतरीब तरीके से हाथ ठेले लगे हुए जिसके चलते यात्रियों को बैठने में काफी परेशानी हो रही है।

### हादसों का बना रहता है खतरा

अतिक्रमण के चलते बस स्टैंड का मुख्य मार्ग इतना संकरा हो जाता है कि यदि वाहन चालक बसों को अंदर लाते है तो उन्हे खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह रहती है कि वाहनों के क्रासिंग के दौरान वाहनों के टकराने का खतरा बना रहता है। जितेंद्र वर्मा, सुनील चांडक, पप्पू , मनीष, भुरा वर्मा आदि नगरवासियों ने हाथ ठेलों को नपं द्वारा व्यवस्थित लगवाने एवं परिसर को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

### दिए गए हैं नोटिस जल्दी की जाएगी कार्रवाई

नप सीएमओ धर्मराज यादव ने बताया कि बस स्टेशन सहित हाईवे पर जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है एवं फल फ्रूट के आगे अवस्थित ठेले लगे हैं उनको नोटिस दिया गया है जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।



## त्योहारों को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

भैरूंदा थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहार गणेश उत्सव, मिलाद उन्नावी, डोल ग्यारस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा, ने की वही तहसीलदार संदीप गौर,एसडीओपी रोशन कुमार जैन,थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, सहित पत्रकार हिंदू समिति और मुस्लिम सामाजिक नागरिक उपस्थित रहे।

आगामी त्यौहार को लेकर एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने सभ नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण से कहा कि सभी आगामी त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें और कोई भी समस्या होने पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति बनाए रखने में सभी की भूमिका अहम होती है। बैठक में अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**बड़े पंडालों में लगाए सीसीटीवी कैमरे, समिति के दो सदस्य रहे उपस्थित :** इस दौरान एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा नगर सहित क्षेत्र पड़े मुख्य गणेश उत्सव पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। वहीं गणेश उत्सव समिति के दो सदस्य को पंडालों में उपस्थित रहना अनिवार्य है। जिससे सामाजिक तत्वों सहित अनजान लोगों पर नज़र रहे।

**जुलूस में डीजे को नहीं दी जाएगी अनुमति, डीजे बजाने पर की जाएगी कार्रवाई :** एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा और एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने उपस्थित नागरिकों से कहा आनंद उत्सव सहित अन्य त्योहारों पर डीजे की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजे बजाने पर डीजे संचालन पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क बनी मौत का अड्डा, कई की लील गई जान

**भैरूंदा।** तहसील की एक ऐसी सड़क है जिस पर चलने से लोग अपनी जान गवा चुके हैं। यह सड़क नीलकंठ से लेकर मण्डी अंतरालिया से लेकर बिजला जोड़ तक प्रधानमंत्री की सड़क है। जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। मंडलवार को ऐसी ही एक दुर्घटना हो गई। जिसमें एक मज़दूर अपने गांव से भैरुंदा दवाई लेने के लिए निकला था। उसको क्या पता था कि, उसकी सड़क मार्ग पर चलने से मौत हो जाएगी। छीपानेर का निवासी विष्णु पिता भाईलाल उम्र 45वर्ष जो कि अपने घर से भैरूंदा दवाई लेने आ रहा था। नीलकंठ,मण्डी जोड़ तक सड़क दुर्घटना होने से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार रेत से भरे डंपर के टायर में आने मजदूर विष्णु दुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूचना पर पहुंची मृतक को अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्डम कार मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया नीलकंठ मण्डी मार्ग पर बाइक सवार की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा। मौका मुआयना किया गया। मृतक की पहचान विष्णु पिता भाईलाल दुर्वे उम्र लगभग 45 छीपानेर निवासी था। मर्ग क़ायम की कार्रवाई की गई। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अभी फिलहाल पर डंपर को थाने लाया गया है। आगे की कार्रवाई साक्ष्य और मौके पर मौजूद के बयान के आधार पर की जाएगी।



**इस सड़क मार्ग से रेत का होता है परिवहन, वाहन की तेज़ गति बनी लोगों की जान की दुश्मन :** नीलकंठ जोड़ से लगाकर मण्डी ,अतरालिया से होते हुए नगर के सीहोर बाय पास से लगाकर बिजला जोड़ तक प्रधानमंत्री सड़क जर्जर हालात में तब्दील हो गई। जगहों जगहों सड़क के बीचों ,बीच गहरी नालियां में तब्दील हो चुकी। इन बनी नालियों में दो पहिया वाहन के टायर फंसने से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिसमें लोग गम्भीर रूप से घायल होकर अपनी जाने गवां चुके हैं। जिम्मेदारों को इसकी खबर भी है। बावजूद इसके अभी तक नहीं ही सड़क की नालियों की मरम्मत हुई न ही किसी के ऊपर कार्रवाई। नगर के नहर चौराहा से लगाकर अतरालिया मण्डी, सातदेव, अम्बाला बड़गांव दिमावर बाबरी, से डंपरों से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस दौरान वाहनों की तेज़ गति से लोगों का चालना दुश्वार है। डंपर मालिक की जल्दबाजी और वाहन चालकों कि तेज गति के कारण सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिसमें कई लोगों की जाने भी जा चुकी है। हालांकि इस मार्ग पर बने गड्ढे और नाली में तब्दील सड़क भी लोगों की मौत का कारण है। जिसमें अभी तक कई लोगों की मौत भी हुई हो चुकी है।

## डीजे पर अनावश्यक गाने न बजाने की चेतावनी, जुलूस की होगी निगरानी

### सीहोर में विसर्जन वाली जगहों पर क्रेन, गोताखोर और तैराक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओम प्रकाश त्रिपाठी ने आगामी त्योहारों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, मिलाद-उल-नबी और गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई।

डीआईजी त्रिपाठी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। नगर पालिका, एमपीईबी, वन विभाग, राजस्व और होमगार्ड विभाग को सतर्क रहने को कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। रात्रि गस्त पार्टी को लगातार क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा गया। धार्मिक स्थलों पर नियमित चेकिंग की जाएगी। डीजे संचालकों को अनावश्यक गाने और नारे न चलाने की हिदायत दी जाएगी। विसर्जन स्थलों पर क्रेन, गोताखोर और स्थानीय तैराकों की व्यवस्था की जाएगी। गणेश उत्सव समितियों के साथ समन्वय कर वालंटियर्स की टीम तैयार की जाएगी। जुलूस मार्गों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। रिजर्व बल को तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एसडीओपी पूजा शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




## उत्तर मुखी गणेश प्रतिमा के दर्शन करना होता है फलदायी

# खुदाई में मिली 300 साल पुरानी भगवान गणेश की प्रतिमा, मंदिर में है विराजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के गांधी चौक छोटा बाजार स्थित गणेश मंदिर में एक अति प्राचीन भगवान गणेश की उत्तरमुखी प्रतिमा हजारों वर्ष पुरानी है। इस प्रतिमा का महत्व पौराणिक दशाओं माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि लगभग तीन सौ से भी अधिक वर्ष पूर्व नगर के गांधी चौक में एक अग्रवाल परिवार के यहां भवन निर्माण के समय खुदाई में यह प्रतिमा निकली थी। तब से ही उस परिवार के द्वारा यहां के वर्तमान पुजारी काशी प्रसाद जैमिनी के बड़े दादा जी को इस प्रतिमा के पूजन पाठ का दायित्व सौंपा गया था। तब से लेकर आज तक लगातार पांचवीं पीढ़ी के द्वारा इस मंदिर की देखरेख की जा रही हैं। कहा जाता है कि जिस स्थान पर भी इस तरह की प्राचीन मंदिर व प्रतिमाएं विराजमान रहती है। वहां के भक्तों को कभी भी गंभीर परेशानियों का सामना नही करना पड़ता हैं। भक्त अपनी मनोकामना लेकर जब भी लंबोदर के दरबार में पहुंचते है तो वह खाली हाथ वापस नही लौटते हैं। भक्तों के कष्टों को भगवान गणेश के द्वारा हर लिया जाता है इस लिए विघ्न विनाशक भी कहा जाता हैं।

**उत्तर मुखी गणेश प्रतिमा के दर्शन करना फलदायी :** उत्तर मुखी प्रतिमा के दर्शन करना अत्यंत ही सुखद माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार धन-संपत्ति के स्वामी, कुवेर उत्तर दिशा में रहते है और धन की देवी लक्ष्मी को उत्तर दिशा प्रिय है और ऐसी स्थिति में लक्ष्मी जी के लेखाकार गणेश की प्रतिमा उत्तर मुखी हो तो यह एक दुर्लभ संयोग हैं। पौराणिक महत्वों के अनुसार भगवान गणेश की यह प्रतिमा अत्यंत फलदायी है। मंदिर के पुजारी गोपाल जैमिनी ने बताया कि यह प्रतिमा उत्तर दिशा की और मुख लिये धरती से निकाली गई थी। उत्तर मुखी होने के साथ-साथ इस प्रतिमा पर सिंदूर बदन है तथा काले पत्थर की अति प्राचीन प्रतिमा हैं। ऐसे भगवान गणेश की पूजन करने का विशेष महत्व माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि महा भारत के रचियता वेद व्यास ने उत्तर मुखी होकर ही गणेश जी से महा भारत को लिखवाना प्रारंभ किया गया था। महा भारत में भी भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा उत्तर मुखी गणेश की पूजा की गई थी। उसके अतिरिक्त ऐसे कई ग्रंथ है जिसमें उत्तर मुखी गणेश को हर संकटों का निवारण करने वाला बताया है।



### इन स्थानों पर है उत्तर मुखी भगवान गणेश

जिस तरह से उत्तर मुखी भगवान गणेश का महत्व बताया गया है। उस लिहाज से भक्तों का जमावड़ा इस संपूर्ण भगवान गणेश दरबार में उमड़ता हैं। इसी का नजारा इस क्षेत्र के जिला मुख्यालय में भी देखा जा सकता हैं। सीहोर स्थित सिद्घी विनायक का दरबार यहां पर भी भगवान गणेश की उत्तर मुखी प्रतिमा विराजमान हैं। पूरे सीहोर को सिद्घपुर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर पर श्रद्घालुओं का जमावड़ा पूरे वर्ष भर लगा रहता हैं। इसी तरह मुंबई स्थित सिद्घी विनायक के दरबार में भी कुछ ऐसी स्थिति रहती हैं। यहां पर भगवान गणेश के दर्शन करना बहुत ही शुभ माना गया है। गुआहाटी में स्थित टेकरी वाले गणेश जी, रणत भंवर के गणेश व इंदौर स्थित खजराना वाले गणेश मंदिर में भी उत्तर मुखी प्रतिमाओं का स्थान होने से इनका महत्व कुछ ज्यादा ही माना गया हैं। कुछ स्थानों पर ही सिद्घ प्रतिमाओं के विराजित होने से दूर-दूर के श्रद्घालु दर्शनों के लिए इन स्थानों पर पहुंचते हैं। नगर में भी उत्तर मुखी गणेश प्रतिमा का विराजमान होना यहां के श्रद्घालुओं के लिए गौरव की बात है। क्योंकि जिस प्रतिमा के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्घालु आते है परंतु नगर के नागरिक तो इतने सौभाग्य शाली है कि उन्हें सिद्घ प्रतिमा के दर्शनों का लाभ प्रतिदिन मिलता है।

## मिट्टी के गणेश बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सीहोर।** कला उत्सव प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के तेजपाल ने मिट्टी के गणेश जी बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र तेजपाल ने त्रि_आयामी मूर्ती कला में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने कहा कि इस प्रतियोगिता में मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की कला को बढ़ावा दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके। इको क्लब प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र साहू ने बताया कि तेजपाल कक्षा12 वीं आर्ट्स का विद्यार्थी है, हमेशा विद्यार्थियों को मूर्ति कला करने के लिए प्रेरित करते है। संतोष सोनी जी ने कहा- कला और रचनात्मकताः मिट्टी से गणेश जी बनाने से विद्यार्थियों में कला और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।



## जिला स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सीहोर।** जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट स्कूल में हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में कला की 12 विधाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगीत गायन एकल में कुणाल ठाकुर सांदीपनी विद्यालय परिसर आष्टा, संगीत गायन समूह अंकिता और समूह, कन्या शिक्षा परिसर सीहोर संगीत वादन, एकल ताल वाद्य, आशय जायसवाल, सांदीपनी आष्टा, संगीत वादन अकाल तत्रि सुशिषर, कार्तिक यादव सांदीपनी आष्टा। संगीत वादन समूह,सुमित एवं समूह, सांदीपनी आष्टा, एकल नृत्य,लानिशा गोयल, ब्लू वर्ल्ड स्कूल सीहोर, सामूहिक नृत्य, अनीता और समूह कन्या शिक्षा परिसर सीहोर, दृश्य कला एकल द्वि आयामी रोशनी सेंगर कन्या शिक्षा परिसर सीहोर, दृश्य कला एकल त्रि आयामी मूर्ति कला तेजपाल यादव शासकीय उत्कृष्ट सीहोर दृश्य कला समूह स्वदेशी खिलौने और स्थानीय शिल्प, दीक्षा अमोवा, अंतरा कुशवाहा सांदीपनी सी एम राइज स्कूल सीहोर। पारंपरिक कहानी वाचन अक्षरा एवं रश्मि रिछारिया शासकीय उमावि.बाया, लघु नाटिका, रोल प्ले, मिमिक्री माइम, रौनक औरसमूह शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर उक्त सीहोर जिले के विजेता प्रतिभागी अब संभाग और राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।



पुलिस की विशेष टीम, साइबर तकनीक, मुखबिर की सहायता से पकड़ाई गैंग

# हाईवे पर ट्रक कटिंग करने वाले 14 आरोपियों से 61 लाख का माल जब्त

## यह गिरोह साल 2023 से अब तक अनेक वारदातों को दे चुका था अंजाम






हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की सीमा से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रक कटिंग की अनेकों वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का राजगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। यह गिरोह साल 2021 से ट्रक कटिंग की वारदातों को अंजाम देता आ रहा था। पुलिस ने कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करीब 61 लाख रुपए का माल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। उन्होंने बताया कि देवास-शाजापुर, पंपापुर, मखावद(शाजापुर) के युवाओं ने कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में अपनी गैंग बनाई। यह गैंग रात्रि के समय चलते ट्रकों से कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक मटेरियल, कीटनाशक दवाईयां, कॉस्मेटिक आयटम व अन्य सामग्री ट्रक कटिंग करते हुए चोरी करते थे। जिले में लगातार घटित हो रही इन घटनाओं को देखते हुए प्रत्येक मामले की बारीकी से जांच हेतु एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीओपी सारंगपुर अरविंद दिवाकर के मार्गदर्शन में अलग-अलग विशेष टीमें गठित की गई। इन टीमों द्वारा 30 से 35 दिनों तक रात्रि में सतत निगरानी की गई वहीं सायबर तकनीक, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र की सहायता एवं कडी से कड़ी जोड़ते हुए अंततः सभी आरोपियों को माल समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

### गिरोह के सदस्य ऐसे करते थे ट्रक कटिंग

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने आर्गनाईज्ड स्टाईल में टीम बनाई थी। कुछ सदस्य चलते ट्रक पर चढ़कर कंटेनर, ट्रकों का ताला काटकर माल गिराते थे। गिरोह की दूसरी टीम जो पीछे चल रही होती थी वह बाईक व पिकअप से माल उठाती थी और तीसरी टीम पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखते हुए लोकेशन की सूचना देती रहती थी।

### 14 आरोपी गिरफ्तार 3 की तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि गिरोह के 7 सदस्यों को राजगढ़ पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जिनमें प्रमोद पिता अनिल कंजर निवासी पम्पापुर, सुमेश पिता नरेश हाड़ा निवासी मखावद जिला शाजापुर, निखिल उर्फ कालू पिता शांतिलाल कंजर निवासी पीपलरावा, जहीर पिता सत्तारखां निवासी भूराखेड़ी सारंगपुर, जमील पिता फक्करूदीन मेवाती निवासी अलीसर खेड़ा जिला शाजापुर, राशिद पिता रफीक खां निवासी भुराखेड़ी सारंगपुर एवं पकंज पिता पीरूलाल निवासी तलेनी सारंगपुर शामिल हैं। इसके साथ ही सात आरोपियों को हालिया गिरफ्तार किया गया है जिनमें मिथुन पिता हड़मत कंजर निवासी पम्पापुर(लूट, चोरी के 24 अपराध दर्ज), आकाश पिता अनोखीलाल पीपलरावा, गोविन्द पिता संतोष मखावद, देवसिंह पिता हेमराज निवासी पम्पापुर, दीपक पिता सुनील पीपलरावा, डिब्बु उर्फ यश पिता अनिल हाड़ा पीपलरावा एवं अजय पिता सुनील झांझा निवासी मखावद शामिल हैं। तीन आरोपी आशु पिता हड़मत निवासी पम्पापुर, रितिक पिता तिवारी निवासी पीपलरावा एवं विकास पिता अनोखीलाल निवासी पीपलरावा फिलहाल फरार है जिनकी तलाश जारी है।

### माल समेत कई वाहन भी किए जब्त

आरोपियों के पास से पुलिस ने कपड़ों की अनेकों गठानें, 03 एलईडी टीवी, कीटनाशक दवाईयां, वाशिंग मशीन, फ्रीज सहित एक पिकअप, एक ब्रेजा वाहन, एक हुन्डई आईटेन कार, एक बजाज पल्सर बाईक, एक होंडा शाईन बाईक समेत अन्य माल बरामद किया है।

## भर्ती: 519 में से 351 युवाओं ने पास की दौड़

**विदिशा।** सेना भर्ती रैली के पांचवें दिन युवाओं ने जोश और उमंग के साथ भागीदारी की। इस दिन मप्र के नर्मदापुरम, अशोकनगर और दमोह जिलों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में 699 उम्मीदवारों में से 519 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 351 युवाओं ने दौड़ की परीक्षा पास की। दौड़ पास करने वाले उम्मीदवार अब शारीरिक प्रवीणता परीक्षण, कागजी कार्रवाई और मेडिकल जांच से गुजरेंगे।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी ने थाना सिरोंज के दो एवं थाना गंजबासौदा में दर्ज एक प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन-तीन हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज दो अपराध में फरार आरोपी प्रमोद कुमार और जुनूश मियां के फरार आरोपी समंदर उर्फ सौमेन्द्र गुर्जर की सूचना देने या गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 3-3 हजार का इनाम दिया जाएगा।

## यात्रियों से भरी बस ने गायों को मारी टक्कर, बस का पीछा कर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भोपाल-सागर हाईवे पर सोमवार देर रात यात्रियों से भरी एक बस ने सड़क पर बैठी गायों को टक्कर मार दी। घटना सांची पास की है, जहां इंदौर से सीधी जा रही बस ने गायों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद भी ड्राइवर ने बस नहीं रोकी।

घटना से गुस्साए युवकों ने बाइक से बस का पीछा किया। बस को विदिशा में हवेली ढाबा के पास रोककर पथराव किया और कांच तोड़ दिए। ड्राइवर के साथ भी मारपीट की कोशिश की गई। हालांकि बस में सवार कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। पथराव और गुस्साए लोगों की भीड़ देखकर बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बस में सवार यात्रियों को दूसरे वाहन से रवाना किया। सांची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर लिया है। मंगलवार दोपहर तक सिविल लाइन थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई।

### लगातार एक्सीडेंट का शिकार हो रहे गोवंश

उसी रात अग्रवाल एकेडमी के पास एक स्कॉर्पियो ने 2 गायों को टक्कर मार दी। घायल गायों को नगर पालिका की गाड़ी से विट्ठल नगर गौशाला ले जाया गया। हाईवे अथॉरिटी का दावा है कि आवारा मवेशियों को हटाने के लिए पेट्रोलिंग वाहन तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद हाईवे पर बैठे मवेशी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर सही से पेट्रोलिंग होती, तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थी।


### 2 प्रकरणों में जिला बदर की कार्रवाई

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल कुमार गुप्ता ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। एसपी रोहित काशवानी के प्रतिवेदन पर जिन दो प्रकरणों में जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उनमें इरफान खां पुत्र असफाक खां उम्र 38 साल निवासी राजेन्द्र नगर गंजबासौदा एवं अकरम मंसूरी (खत्री) पिता जलाल मंसूरी उर्फ जलालुद्दीन उम्र 39 वर्ष निवासी लोहांगी मोहल्ला काली मस्जिद थाना कोतवाली को जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक-एक वर्ष की अवधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

गत दिवस पचोर-तलेन मार्ग पर हुआ था हादसा

## स्कूल बस हादसे के मामले में प्राचार्य और संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ म.प्र.

गत दिवस पचोर-तलेन मार्ग पर आदर्श पब्लिक स्कूल चैमा की बस के चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बस पलट दी थी। इस हादसे में 49 बच्चों को चोटें आई थी। आरोप यह भी थे कि स्कूल बस का चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने उक्त स्कूल के प्राचार्य एवं संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख है कि संस्था द्वारा छात्रों के हित में कोई समिति भी नहीं बनाई गई है न ही संचालक/प्राचार्य द्वारा उक्त समिति की मॉनिटरिंग की जाती है। संस्था की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते उक्त घटना घटित हुई है। ऐसे में नोटिस जारी करते हुए प्राचार्य एवं स्कूल संचालक से जवाब मांगा गया है कि क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

### संकुल प्राचार्य से भी मांगा जांच प्रतिवेदन

डीईओ ने इस मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन के प्राचार्य अशोक पाटीदार को भी पत्र जारी करते हुए उक्त हादसे के संबंध में विस्तृत जांच-प्रतिवेदन मांगा है। उक्त प्रतिवेदन एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रेषित नोटिस के जवाब के आधार पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।




## नगर गौरव दिवस पर शहीद मनीष विश्वकर्मा को नमन

**खुजनेर।** 26 अगस्त 2025 को नगर परिषद खुजनेर द्वारा अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा की स्मृति में नगर गौरव दिवस का आयोजन किया गया। विदित हो कि इसी दिन बारामूला (जम्मू-कश्मीर) में शहीद मनीष विश्वकर्मा ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड परिसर स्थित मांगलिक भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस अवसर पर शहीद मनीष विश्वकर्मा के माता-पिता का सम्मान किया गया। तत्पश्चात छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड पर स्थापित शहीद की प्रतिमा पर विधायक श्री अमर सिंह यादव, वरिष्ठ समाजसेवी श्री केदारनाथ गुप्ता ष्काकाष, समस्त पार्षदगण एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव एवं केदारनाथ गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि ष्मनीष विश्वकर्मा भारत माता की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनका बलिदान अमर है और सदैव स्मरणीय रहेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, मधुकुंज एकेडमी एवं शातिकुंज एकेडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं नाटिका के माध्यम से शहीद के जीवन का चित्रण किया। कार्यक्रम उपरांत अमृत हरित अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया इस अवसर पर तहसीलदार, नगर परिषद अध्यक्ष, सभी पार्षदगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर के गणमान्य नागरिक एवं परिषद स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## 11 वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट्स स्पर्धा में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

**सुठालिया।** 11 वीं राज्यस्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता 23 और 24 अगस्त को रतलाम में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले से कार्तिक शर्मा ने स्वर्ण पदक, आदित्य कारपेंटर और मोहित चैहान ने रजत पदक, मयंक राज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। एवं अभिषेक दांगी व धवल जोशी ने सहभागिता की। जिला सचिव धर्मराज दांगी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 26 से 28 सितंबर कोप्पल (कर्नाटक) में होने वाली जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सचिव अभय श्रीवास, संरक्षक शअक्षय शर्मा, राजगढ़ जिला सचिव धर्मराज दांगी, अध्यक्ष किशन बैरागी, उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, कोच हर्षित वर्मा, गौतम सेन आदि ने खिलाड़ियों कि इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## गायों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से एसडीम के नाम गायों की सुरक्षा हेतु ज्ञापन दिया गया ।उल्लेखनीय है कि मौजूदा हालात में गौ माता की स्थिति बहुत ही बुरी हो चुकी है ना उनके खाने की आस है ना आश्रय की आस है। शासन प्रशासन मूक दर्शक बनकर के उनकी दुर्गति कर रहा है गौशालाओं के नाम पर उनको आश्रय नहीं दिया जा रहा है और ग्रामीण जन फसलों की सुरक्षा के कारण उन्हें रोड पर छोड़ देते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए समस्त कांग्रेस पार्टी के सदस्यों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया और मांग की गई की गायों को राजकीय पशु का दर्जा दिया जाए जिससे उनकी सुरक्षा के समुचित इंतेजामत हो पाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे जिला पंचायत प्रतिनिधि विश्वनाथ दांगी जनपद सदस्य सुनील दांगी लकी दांगी राधेश्याम दांगी जगदीश सेन संजय बंसल कमलेश विश्वकर्मा दिलीप सिंह बना राजेंद्र खत्री घनश्याम पाराशर खलील कुरेशी दाऊद भाई ईश्वर गुर्जर मनोज यादव घनश्याम शाक्यवार आदि जन उपस्थित रहे।

## बलराम जयंती का कार्यक्रम संपन्न

### किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा




**ब्यावरा।** भारतीय किसान संघ जिला राजगढ़ द्वारा 26 अगस्त को बलराम जयंती का कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भगवान बलराम एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरण कर मंडी समिति ब्यावरा में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि रमेश चंद्र वैश्य जिला सह मंत्री भारतीय किसान संघ, ब्यावरा तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह यादव, तहसील मंत्री शिवचरण नागर, ओम प्रकाश जी नागर, रामदयाल नागर, रमेश मेहर, एवम भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष श्री राजेश सक्सेना सहित संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या ब्यावरा व सुठालिया के किसान संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के बाद अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा के कार्यालय में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न मांगो के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

कुछ का मौके पर निराकरण

## 67 आवेदकों ने कलेक्टर को सौंपे समस्याओं के आवेदन



**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर हर मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कल जिले के विभिन्न अंचलों ने आए 67 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं, मांगों के आवेदन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को सौंपे। कलेक्टर ने कुछ शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया वहीं कुछ शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग प्रमुख को सौंपते हुए जल्द से जल्द उनका निराकृत करने के निर्देश प्रदान किए। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम उदपुरिया निवासी चंदरसिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि मोहनपुरा परियोजना में आने से अभी तक उसे मुआवजा राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने ईई मोहनपुरा को जांच हेतु निर्देशित किया। ग्राम रघुनाथपुरा निवासी पिंकीबाई ने बताया कि आवेदिका को पात्र होने के बाद भी अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर द्वारा जनपद राजगढ सीईओ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम लक्ष्मीपुरा निवासी पुरसिंह ने बताया कि भीलोडा बांध निर्माण में बांध के नाले का पानी आवदेक की भूमि से निकलने से कृषि भूमि व फसल का नुकसान हो रहा है। कलेक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच हेतु निर्देशित किया गया।

## पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में जिला स्तरीय बैठक

**खिलचीपुर।** शासन द्वारा गठित पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजगढ़ की एक जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश कुमार नागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जिले की विभिन्न 12 शाखों के अध्यक्षध्सचिव सहित अन्य पदाधिकारीयो की उपस्थिति में शासन द्वारा अभी पुनर्गठित पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। प्रांतीय सचिव लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन प्रदेश में बृहद संगठन है। चिंता जताते हुए विरोध करते हुए बताया कि हमारे संगठन से इस गठित बोर्ड में एक भी पदाधिकारी को सम्मिलित नहीं गया है। वही प्रांतीय संगठन मंत्री अमर सिंह बिखावत ने भी बताया यह गम्भीर त्रुटि है इसमें संगठन की भारी उपेक्षा की गई है प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मध्यप्रदेश के 50 जिलों और 400 तहसीलों में कार्यरत शाखाएं हैं जो समय समय पर पूरे प्रदेश में पेंशनर्स की मांगों और समस्याओं के लिए शासन का ध्यान आकर्षित करती हैं। हमारे प्रांताध्यक्षओमप्रकाश बुधोलिया का निवास भोपाल में ही है। जिलाध्यक्ष ने यह भी बताया किसी एक ही संगठन के 3 पदाधिकारी को सम्मिलित किया गया हैं जो नियम विरुद्ध है श्याम जोशी प्रांताध्यक्ष का निवास इंदौर है। पेंशनर्स जिला अध्यक्ष दिनेश नागर ने कहा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के दो सदस्यों प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री का भी मनोनयन कर उक्त गठित बोर्ड में नाम जोड़े जाए इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन को जिले की सभी शाखाए एवं संभाग स्तर से पत्र लिखे जाएंगे। यदि शासन हमारे पत्र पर कार्यवाही नहीं करता तो पूरे प्रदेश में आगामी योजना की रूपरेखा तैयार जावेगी। इस दौरान शाखा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुरगेला, कालूराम शाक्यवार, कैलाश नारायण शर्मा, पी डी सक्सेना, मोहनलाल मालाकार, ओम प्रकाश शर्मा, रामचंद्र चैहान, जगन्नाथ प्रसाद नागर, सचिव नंदकिशोर सोनी, राधेलाल टेलर, के. डी. अग्रवाल, सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गृहणी और कामकाजी महिलाओं ने जताया विरोध, बोलीं- मांफी मांगे पटवारी

# महिलाओं के शराब पीने के बयान पर घिरे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पिछले कुछ दिनों से जिले व प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी अपने वयानों को लेकर चर्चा में बने हुए है प्रियवृत सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के साथ ही उनकी उपस्थिती में कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा लाडली बहनाओं को बोरी में भरने के वयान अभी ठंडा ही नहीं हो पाया था कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश में शराब की खपत में महिलाओं की भागेदारी को ज्यादा बताने पर फिर तूल पकड लिया है। इस पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार , राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित विधायक अमरसिंह एवं हजारीलाल दांगी ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का मानसिंक दीवालियापन बताया है।

### प्रदेशाध्यक्ष के बयान पर बोली जिले की मातृशक्ति



इस तरह के बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले है इससे कांग्रेस की मानसिकता प्रर्दशित होती है
**मेघा सेन** ब्यावरा



किस आधार पर कहां के आंकडे इकट्ठे किए है कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने। कामकाजी महिलाओं को घर व अपने ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिल पाती जो इस तरह के व्यसनों के बारे में सोचें।
**डॉ नमिता जैन** ब्यावरा



इस तरह के बयान महिलाओं के गौरव और प्रतिष्ठा का ठेस पहुंचाते है। महिलाओं के दूसरे अच्छे और मेहनती पहलूओं की भी चर्चा करना चाहिए।
**डॉ ममता खुईया** सारंगपुर,



सत्ता पाने के लिए लाडली बहनों और लक्ष्मियों को इस तरह से अपमानित करना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है जो बेहद शर्मनाक है प्रदेशाध्यक्ष को प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगना चाहिए।
**मेघा रूण्डवाल** सारंगपुर



आज मातृशक्ति गणेश उपासना कर रही है और निर्जला व्रत रखी हुई है ऐसे में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का बयान निंदनीय है। उन्हें माफीं मांगना चाहिए।
राजू बाई दांगी राजगढ़

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण आयोजन को लेकर बैठक संपन्न



**नरसिंहगढ़।** आगामी सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम स्टेडियम ग्राउंड में बैठक आयोजित की गई। यह भव्य आयोजन 29 अगस्त से 04 सितम्बर तक स्टेडियम ग्राउंड पर सम्पन्न होगा। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा अलग-अलग समितियों को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर की सुख-समृद्धि और कल्याण के उद्देश्य से हो रहे इस आयोजन में नगरवासियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। इसी क्रम में देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी नरसिंहगढ़ पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीओपी मिनी शुक्ला तथा टीआई शिवराज सिंह चैहान को सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

### पंचायतों में 30 सितंबर तक लगेंगे शिविर

**आष्टा।** मध्य प्रदेश शासन और वित्त विभाग के आदेश पर जनपद पंचायत आष्टा की 144 ग्राम पंचायतों में 23 अगस्त से नियमित बैंकिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में जन धन योजना के तहत नए बैंक खाते खोले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में ग्रामीणों का पंजीयन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों और बैंक मित्रों को इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। कैंपों में महिलाओं और वृद्धजनों की भागीदारी सबसे अधिक देखी जा रही है। कैंप से एक दिन पहले गांव में डोंडी पीटकर सूचना दी जाती है। इससे ग्रामीणों की उपस्थिति बढ़ रही है। बैंक मित्र मौके पर मौजूद रहकर सभी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। ग्रामीणों को मौके पर ही बैंकिंग सुविधाएं मिल रही हैं। कैंपों का निरीक्षण क्लस्टर प्रभारी लगातार कर रहे हैं। जिला कलेक्टर ने कैंप में अनुपस्थित जिम्मेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ये कैंप 30 सितम्बर तक चलेंगे। ग्रामीण इन कैंपों से मिल रही सुविधाओं से संतुष्ट हैं।

### छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**आष्टा।** शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाईं। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों से होने वाले जल प्रदूषण को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि पीओपी की मूर्तियां नदियों और जल स्त्रोतों को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। मिट्टी की मूर्तियां पर्यावरण के अनुकूल होती हैं। ये आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जुड़ने का संदेश देती हैं। प्राचार्य ने कहा कि छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। हर व्यक्ति यदि सजग हो जाए तो प्रदूषण की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। छात्रों की यह पहल समाज को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम कदम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी समाज को सकारात्मक दिशा दे रहे हैं।

### बास्केटबाल शिविर में 64 खिलाड़ियों का चयन

**सीहोर।** आगामी 15 सितंबर से विदिशा में होने वाली संभाग स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय बास्केटबाल ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले भर के करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें से 64 खिलाड़ियों का विभिन्न वर्ग में चयन हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंकित चौहान ने बताया कि शहर के कोतवाली स्थित बास्केटबाल मैदान पर चयन शिविर का आयोजन किया गया था। चयन के पश्चात बालक-बालिका वर्ग की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 टीम का गठन किया गया है।

### एक दिवसीय कार्यशाला में दी जानकारी

**देवास।** निकोंन मिरलेंस कैमरा फोटोग्राफी कंपनी की एकदिवसीय वर्कशॉप देवास फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वाधान में होटल खेड़ापति इंटरनेशनल में आयोजित की गई। जिसमें वेडिंग, सिनेमैटोग्राफी फोटोग्राफी के बारे में अपडेट जानकारी दी।

## शहर सहित अंचल में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विधि-विधान से हुई स्थापना

# हम सब को स्वदेशी अपनाकर भारत को बनाना है आत्मनिर्भर: गोपाल इंजीनियर

श्रद्धा भक्ति के साथ होगी भगवान गणेश जी की भक्ति, होंगे कई कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार को गणेश चतुर्थी के शुभ दिवस पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय पर रिद्धिसिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की गई। दोपहर में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारी की उपस्थिति में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधि विधान के साथ भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की और सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मिलकर भगवान श्री गणेश जी की आरती की। भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की विधि उमेश शर्मा ने पूर्ण कराई। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दस दिवसीय गणेशोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर सभी नागरिकों से आव्हान किया की वे अपने दैनिक जीवन मे उपयोग में आने वाली वस्तुएं स्वदेशी ही खरीदे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से स्वतंत्रता दिवस पर जो आव्हान किया कि हम सब देशवासी भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दैनिक जीवन के उपयोग में जो वस्तुएं आती है,जब आप बाजार में उक्त वस्तुएं खरीदने जाये तो वे वस्तुएं स्वदेशी ही हो,स्वदेशी ही खरीदे। हम सब जब दैनिक उपयोग की वस्तुओं में जितना ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं का क्रय करेंगे,उसका उपयोग करेंगे ताकि हमारा देश विदेशी वस्तुओं पर निर्भर न होकर स्वदेशी वस्तुओं के द्वारा आत्मनिर्भर बने और भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो। विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि हम अपने स्थानीय उद्योगों को भी ऐसे ही स्वदेशी अपनाने के आवाहन के तहत बढ़ावा दे सकते हैं। विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से भी आव्हान किया कि वह भी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर नागरिकों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करें। विधायक कार्यालय में भगवान श्री गणेश जी की स्थापना के अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता,पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि आदि उपस्तिथ थे।



## नगर में 25 बड़े पंडाल सहित 100 से अधिक स्थानों पर हुई गणपति बप्पा की स्थापना





गणपति बप्पा के आगमन को लेकर पांडालों में एक हफ्ते पहले से ही तैयारी हो चुकी थी बुधवार को सुबह से ही से गणेश उत्सव समितियां के सदस्यों ने प्रतिमाएं लेकर आए और शुभ मुहूर्त में पांडालों में स्थापना की सुबह से प्रतिमाओं को लेकर जाने का दौर शुरू हो गया था परिवार के साथ आए बच्चे छोटी-छोटी प्रतिमाएं वाहनों से लेकर गोद में लेकर गए तो कई लोग गणपति बप्पा को बाइक और कार में रखकर लेकर गए इधर बड़ी प्रतिमाएं भोपाल से ट्रक में लेकर डीजे के साथ नगर में प्रवेश किया।

गणेश उत्सव की शुरूआत के साथ ही भक्तों का उत्साह एक अलग ही नजर आया बड़ी प्रतिमाओं को रस्सी की मदद से पांडालों के बाहर लाया गया और समिति के सदस्यों ने शुभ मुहूर्त में स्थापना की इधर शाम 4 बजे बाद बारिश होने से भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और रिमझिम बारिश में भी पांडालों में गणपति बप्पा की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ स्थापना हुई।

### बाजार में गणपति बप्पा की गूंज

बुधवार सुबह से ही शहर के परदेसीपुरा , बुधवारा ,बड़ा बाजार, कन्नौद रोड, भोपाल नाका क्षेत्र में प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला जारी हो गया था जो कि दिनभर जारी रहा इस बार खत्री मार्केट में 30 फीट से भी अधिक की प्रतिमां विराजित की गई है साथ ही 25 अन्य बड़े पांडालों में भी इस बार आकर्षक और बड़ी प्रतिमाएं विराजित की गई है कृष्ण जी से लेकर शंकर जी की झलक भी इस बार गणेश जी की प्रतिमाओं में दिखाई दी। आज से गणेश स्थापना के साथ 10 दिनों तक बड़े पांडालों से लेकर छोटे पांडालों में कई सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे।

### बड़े स्तर पर पंडाल तैयार हुए

शहर में गणेश उत्सव पर इस बार भी जहां शहर में 25 के करीब बड़े बनाए गए हैं छोटे बड़े करके आष्टा शहर में करीब सो के करीब स्थान पर गणपति बप्पा की स्थापना हुई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि इस बार आष्टा शहर में बुधवारा खत्री मार्केट में गणेश उत्सव समिति ने 30 फीट करीब के गणपति बप्पा की स्थापना की गई नवदीप गणेश बाल मंडल बुधवारा में भी इस बार बड़ी प्रतिमा विराजित की गई साथ में बुधवारा ग्रुप और कॉलोनी चौराहे पर भी इस बार बड़ी प्रतिमा समिति द्वारा ला कर स्थापित की गई इसके अलावा छोटे-बड़े कुल मिलाकर 100 के लगभग स्थान पर गणपति बप्पा विराजे हैं।

## गणेश मंदिर पर मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाएं

**मंदिर परिसर का किया निरीक्षण**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चिंतामन गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर 10 दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आयोजन स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पार्किंग एवं बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर नपा द्वारा पेयजल व साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरंतर निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम श्री तन्मय वर्मा ने गणेश मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

### पाप करने वाले को संसार से मुक्ति संभव नहीं: मुनिश्री सानंद सागर

**आष्टा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री सजग सागर और सानंद सागर मुनिराज ने मंगलवार को रोट तीज व्रत के अवसर पर धर्मसभा में आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा, मंदिर में आकर जिनवाणी श्रवण करने से जो पुण्य अर्जित होता है, वह आत्म कल्याण में सहायक होता है। साधु-संतों को आहार विवेकपूर्वक देना चाहिए। निर्दोष क्रिया से ही पुण्य का बंध होता है। मुनिश्री सजग सागर ने कहा, आदिनाथ भगवान को मुसिका मवेशी के मुख पर लगाने की बात के कारण सात महीने से अधिक समय तक आहार नहीं मिला। चक्रवर्ती के अंश बराबर नहीं फिर भी लोग अहंकार करते हैं। धन-संपदा का अहंकार नहीं करना चाहिए। धन का सदुपयोग करेंगे तो इस जन्म के साथ अगले जन्म में भी पुण्य मिलेगा। परिवार वाले भी कभी-कभी ठगों की टोली जैसे हो जाते हैं। पाप का फल स्वयं को ही भोगना पड़ता है। पाप करने वालों को संसार से मुक्ति नहीं मिलती। ज्ञान का अहंकार नहीं करना चाहिएः मुनिश्री सानंद सागर ने कहा, पांच परमेष्ठि होते हैं। जिस व्यक्ति में राग, द्वेष और मोह होता है, वह संसार में भटकता है। पंच परमेष्ठि के अनुसार चलने से आत्म कल्याण होता है। ज्ञान का अहंकार नहीं करना चाहिए। मद से दुर्गति निश्चित होती है। सम्यकदृष्टि को मद नहीं होता, मिथ्या दृष्टि को होता है। किसी को रूप का मद होता है, किसी को धन का। ऐसे मद करने वालों को संसार में ही भटकना पड़ता है।

### कैडेट्स को एड्स और इको क्लब की जानकारी

**आष्टा।** शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स की साप्ताहिक परेड हुई। 4 एमपी बटालियन के सीएचओ दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सभी कैडेट्स से परेड पूरी कराई। इसके बाद सिविल हॉस्पिटल के काउंसलर अजय श्रीवास्तव ने एड्स जागरूकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स से बचाव ही इसका इलाज है। उन्होंने एड्स के कारण और बचाव के उपाय विस्तार से बताए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा मिट्टी से गणेश बनाने की विधि और प्राकृतिक गणेश स्थापना की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने की।

## बच्चों ने मिट्टी के गणेश बनाकर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




एम जी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल जावर में मिट्टी के गणेश की मूर्ति बच्चों के द्वारा बड़े ही हर्षल्ला से बनाई गई सभी बच्चों को इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा का निर्माण व घर मे स्थापित करने का कहाँ गया इस अवसर पर जिन बच्चों के द्वारा सबसे अच्छे गणेश जी बनाये गए उन्हें संस्था की ओर से पुरस्कार दिया गया संस्था के संचालक वीरेंद्र दरबार ने प्रथम पूज्य गणेश जी के बारे में बच्चों को विस्तार से समझाया इस अवसर पर राजश्री दरबार, कृष्ण पाल ठाकुर, सचिन ठाकुर ,सुरभि गुप्ता, नेहा मालवीय, मंजू ठाकुर, निकिता ठाकुर, पायल सेन ,राधिका पाटीदार, शालू ठाकुर, पूजा मालवीय ,स्वाति ठाकुर ,ऋषिका ठाकुर, कुमकुम ठाकुर, रूपाली ठाकुर ,टीना प्रजापति ,कुमकुम सेन, पायल ठाकुर, सीमा ठाकुर, रितु परिहार व लाखन प्रजापति उपस्थित रहे।

## महापर्व का सातवां दिन: जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकरों का किया चरित्र स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शिवपुर-मातमौर महातीर्थ पर भव्य पर्युषण महापर्व पर पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर महाराज तथा श्रीऋषभरत्नविजय महाराज साहब की सानिध्यता में पर्युषण महापर्व के सातवें दिन जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकरों भगवान पार्श्वनाथ, भगवान नेमिनाथ और भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र का स्मरण तथा भगवान महावीर स्वामी से चली आ रही पाठ परंपरा का विशद वर्णन किया गया। भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के तेइसवें तीर्थंकर हैं जिनका जन्म वाराणसी में हुआ था। वे बचपन यह से ही दयालु और वैराग्ययुक्त थे। 30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजपाठ का त्याग कर दीक्षा ली और कठोर तपस्या के बाद केवल ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने जैन धर्म के चार मुख्य व्रत — सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह — की स्थापना की। अंततः सम्मेद शिखरजी (झारखंड) में उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। भगवान नेमिनाथ चौबीसवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म यादव वंश के राजा के यहाँ हुआ था। विवाह अवसर पर जीव हिंसा का दृश्य देखकर उन्होंने संसार का परित्याग किया और कठोर तपस्या में प्रवृत्त होकर चतुर्थ मनःपर्यय ज्ञान प्राप्त किया। वे आत्म-संयम और वैराग्य के आदर्श माने जाते हैं। अंततः उन्होंने मोक्ष की प्राप्ति की। भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं। उन्होंने मानव समाज को कृषि, शिल्प, व्यापार आदि का ज्ञान दिया। तप, संयम, चारित्र और अहिंसा के आदर्श स्थापित किए और अंततः मोक्ष प्राप्त किया। भगवान महावीर स्वामी ने श्रमण, श्रमणी, श्रावक और श्राविका के लिए चतुर्विध संघ की स्थापना की। उन्होंने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य जैसे महान व्रतों की शिक्षा दी। उनकी शिक्षा और साधना की परंपरा आज भी जीवित है। पर्युषण पर्व में कल्पसूत्र, नवकार मंत्र तथा आगम ग्रंथों का पाठ एवं श्रवण किया जाता है, जो संयम, क्षमा और आत्मजागरण का संदेश देता है। कार्यक्रम कीघोषणा करते हुए बताया कि आज 8:30 बजे श्री बारसासूत्र का सूत्र पाठ पूज्य आचार्य के पावन मुख से संपन्न होगा। इसका श्रवण सभी के लिए कल्याणकारी एवं मंगलकारी रहेगा तथा समापन में सभी जीवों को क्षमा प्रदान की जाएगी।

### निगम ने मधु मिलन चौराहे से अस्थाई अतिक्रमण हटाया


**देवास।** शहर के नागरिकों के आवागमन की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये शहर मे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये जाने के साथ ही व्यस्तम मार्ग इन्दौर रोड के भी अस्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने के निर्देश आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा निगम की टीम को दिए गए। सोमवार को निगम स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा ट्रैफिक पुलिस की टीम के सहयोग से मधुमिलन चौराहे से लेकर नगर निगम के दोनों साइड में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने की कार्यवाही के साथ 4 हजार 5 सौ रुपए का स्पॉट फाइन भी निगम की टीम के द्वारा किया गया। अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये जाने की कार्यवाही में निगम प्र.स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, प्र.स्वच्छता निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड़,ट्रैफिक पुलिस से सहायक उप निरीक्षक भगवान सिंह दरबार निगम से दरोगा राजकुमार कल्याणे, उमेश सांगते एवं रिमूवल टीम उपस्थित रही।

## 84 लाख जीव योनि से क्षमा मांग कर मनाया सांवत्सरिक महापर्व

# क्षमा कायरों का नहीं वीरों का आभूषण: भंडारी

### 16 उपवास के तपस्वी की निकली भव्य रथ यात्रा तपस्वी के जयकारों से गूंजमान हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड श्री धर्मनाथ जैन मंदिर कांच वाला में पर्युषण महापर्व के दौरान अंतिम दिवस बुधवार को सांवत्सरिक महापर्व के अवसर पर वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने धर्म सभा में कहा कि आज सावंत्सरिक महापर्व का दिन सकल जैन समाज के लिए स्वर्णिम दिवस है आज के मंगलमय दिवस पर जैन समाज के लोग पौषध उपवास एकाशना जप तप पूजा साधना आराधना आदि तपस्या जीव दया, दान आदि कर कर्मों की निर्जरा करते हैं संध्या को वर्ष भर में हुए पापों की निर्जरा हेतु प्रतिक्रमण किया जाता है संस्कृत के श्लोक के माध्यम से 2 घंटे चलने वाली इस क्रिया में 84 लाख जीव योनियों से क्षमा मांग कर प्रतिक्रमण पूर्ण किया जाता है तत्पश्चात सभी समाजजन अपने द्वारा हुई वर्ष भर में जाने अनजाने में गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांग कर क्षमा प्रदान करते हैं इस तरह यह क्षमा वाणी पर्व मनाया जाता है भंडारी ने कहा कि क्षमा कायरों का नहीं वीरों का आभूषण है।जो वीर व्यक्ति होता है वही क्षमता का दान देता है पर्युषण महापर्व के इस लोकोत्तर महापर्व पर आठ दिनों तक धर्म आराधना के माध्यम से आत्मा को सजाने का कार्य किया जाता है। सुबह 8:30 बारसा सूत्र वौहराना, चित्रावली दर्शन एवं पांच ज्ञान का चढ़ावा बोला गया इसका लाभ समाज जनों द्वारा लिया गया तत्पश्चात समाज जनों द्वारा भाभी चैत्त्य परिपाटी एवं प्रियंका प्रिंस जैन के 16 उपवास की तपस्या की निमित्त रथ यात्रा का भी आयोजन किया गया। उपस्थित श्रावकशारी कौन है रथ यात्रा में तपस्वी की जय जयकार लगाकर तप की अनुमोदना करी इस महापर्व के कार्यक्रम को वर्धमान स्वाध्याय मंडल से आये स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी महिदपुर रोड एवं ऋषभ जैन राणावत रविंद्र नगर बुढा के निर्देशन में संपन्न किए गए इस मंगलकारी अवसर पर सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## जावर मंडल ने पटवारी का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विगत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक प्रेस वार्ता में महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी कर शराबी कहा गया जिस तरह के संस्कार कांग्रेस पार्टी के है वो अपने शब्दों के माध्यम से उजागर कर रहे है एक ओर जहां भाजपा सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है वहीं कांग्रेस बहनों का अपमान करने में लगी है पहले भी कई कांग्रेसी नेताओं द्वारा महिलाओं के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग किया है जिसका महिलाओं में भारतीय जनता पार्टी में आक्रोश है ऐसे कांग्रेसी नेताओं पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए इसी के विरोध में जावर मंडल द्वारा जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ,जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,खुमान सिंह ,नप अध्यक्ष बहन मंजू वैद्य, राजेंद्र केशव, संजय अजमेरा, जय सिंह ठाकुर, मनोज वैद्य, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान ,कमल सिंह ,अजाप सेठ ,शिवम सोनी ,महामंत्री राजा ठाकुर, पार्षद मदन विश्वकर्मा ,वीरेन्द्र ठाकुर ,हुकम विश्वकर्मा, कैलाश सोलंकी, सुनील लोधी, राजेंद्र सेंधव, तेज सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर, हरेंद्र विश्वकर्मा ,धर्मेंद्र, पिंटू ,हरेंद्र विश्वकर्मा, राजपाल सिंह, योगेश भावसार ,धरम सिंह ,दयाराम परिहार, राजेश शर्मा ,तेज सिंह भाटी, मुकेश मकोडिया, आशिक भाई, इकबाल भाई, बाबू भाई, असलम भाई ,अंगूर ठाकुर, जितेंद्र पटेल, गोविंदराम मालवीय, संजय मालवीय, देवकरण पाठुंडियां, पवन मालवीय ,राजा अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।